कोडेक्स एलमिंटेरयिस कमीशन में भारत की उन्नत भूमिका

सरोत: पी.आई.बी.

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत को रोम में खाद्य और कृषि संगठन (FAO) मुख्यालय में अपनी **46वीं बैठक के दौरान** कोडेक्स एलमिंटेरयिस कमीशन (CAC) की कार्यकारी समिति में एशियाई क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया है।

- भारत ने दालों के लिये निर्धारित समूह मानकों के समान**फिंगर मिलेट, बार्नयार्ड मिलेट, कोडो मिलेट, प्रोसो मिलेट और लिटिल मिलेट जैसे** मोटे अनाज़ (मिलेट) के लिये वैश्विक मानकों की स्थापना का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव को सत्र के दौरान सर्वसम्मति से समर्थन प्राप्त हुआ।
- कोडेक्स के पास फिलहाल **ज्वार और बाजरा** के लिये मानक हैं।

कोडेक्स एलमिंटेरयिस कमीशन (CAC) क्या है?

- **परिचय:**
  - CAC एक अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय है जिसे **उपभोक्ता के स्वास्थ्य की रक्षा करने एवं खाद्य व्यापार में उचित प्रथाओं को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से** मई 1963 में **संयुक्त राष्ट्र के** खाद्य और कृषि संगठन **(Food and Agriculture Organisation) तथा** विश्व स्वास्थ्य संगठन **(World Health Organisation)** द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित किया गया था।
- **मान्यता:**
  - विश्व व्यापार संगठन (WTO) के स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपायों (SPS) के अनुप्रयोग पर समझौता अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तथा व्यापार विवाद निपटान के लिये संदर्भ मानकों के रूप में कोडेक्स मानकों, दिशा-निर्देशों तथा सिफारिशों को मान्यता देता है।
- **सदस्य:**
  - वर्तमान में इस कमीशन में कुल 189 (188 देश और यूरोपीय संघ) सदस्य हैं।
    - भारत वर्ष 1964 में कोडेक्स एलेमेंट्रिस का सदस्य बना।
- **कोडेक्स मानक:**
  - सामान्य मानक, दिशा-निर्देश और अभ्यास संहिता: ये मुख्य कोडेक्स विषय आमतौर पर स्वच्छता अभ्यास, लेबलिंग, संदूषक, योजक, निरीक्षण और प्रमाणन, पोषण तथा पशु चिकित्सा दवाओं एवं कीटनाशकों के अवशेषों से निपटते हैं व उत्पादों और उत्पाद श्रेणियों पर क्षैतिज रूप से लागू होते हैं।
  - **कमोडिटी मानक:** कोडेक्स कमोडिटी मानक एक **विशिष्ट उत्पाद** को संदर्भित करते हैं, हालाँकि कोडेक्स अब तेज़ी से खाद्य समूहों के लिये मानक विकसित कर रहा है।
  - **क्षेत्रीय मानक:** संबंधित **क्षेत्रीय समन्वय समितियों द्वारा विकसित मानक,** संबंधित क्षेत्रों पर लागू होते हैं।

नोट: स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपायों (SPS) के अनुप्रयोग पर समझौता **1 जनवरी, 1995 को विश्व व्यापार संगठन की स्थापना** के साथ लागू हुआ। SPS समझौता खाद्य सुरक्षा और पशु एवं पौधों के स्वास्थ्य नियमों के अनुप्रयोग से संबंधित है। यह**कोडेक्स एलमिंटेरयिस, विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन एवं अंतर्राष्ट्रीय पादप संरक्षण कन्वेंशन** द्वारा निर्धारित अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. विवाद निपटान के लिये संदर्भ बिंदु के रूप में अंतर्राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मानकों के उपयोग के संबंध में, WTO निम्नलिखित में से किसके साथ सहयोग करता है? (2010)

(a) कोडेक्स एलमिंटेरियस कमीशन (Codex Alimentarius Commission)
(b) इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ स्टैंडर्ड्स यूज़र्स (International Federation of Standards Users)
(c) मानकीकरण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संगठन (International Organization for Standardization)
(d) विश्व मानक सहयोग (World Standards Cooperation)

उत्तर: (a)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-s-elevated-role-in-codex-alimentarius-commission